**खबर संक्षेप**

## अवैध शराब के साथ 01 आरोपी गिरफ्तार



**मण्डला।** पुलिस अधीक्षक मण्डला रजत सकलेचा के निर्देशन में जिले में अवैध शराब के निर्माण, परिवहन एवं विक्रय पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु निरंतर सघन अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में दिनांक 23/12/2025 को मुखबिर सूचना के आधार पर थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत कार्रवाई की गई। कार्यवाही के दौरान आरोपी के निवास से भारी मात्रा में अवैध देशी एवं अंग्रेजी शराब बरामद की गई। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया है। गिरफ्तार आरोपी में रोहित लाहोरिया पिता किसन लाहोरिया उम्र 30 वर्ष निवासी बड़ी खैरी, जिला मण्डला शामिल है। जप्त सामग्री में अवैध शराब की कुल मात्रा 69.400 लीटर जिसकी अनुमानित कीमत 30,000/- है। कार्यवाही में निरीक्षक शफीक खान (थाना प्रभारी), सउनि भुमेश्वर वामनकर, प्रआर. पूरनलाल इडपाचे, आरक्षक प्रियांश पाठक, मृदुल पटेल, रमेश सिंगरौरे, दीपक बोहने, शेखर बनोटे, मधुर धुर्वे एवं संदीप परते शामिल रहे।

## आकस्मिक मृत्यु पर आर्थिक सहायता स्वीकृत

**मण्डला।** चम्पा बाई निवासी ग्राम डोभी, तहसील नारायणगंज की 28 जून 2025 को सर्प के काटने से मृत्यु हो जाने के कारण निकटतम वारसान को 4 लाख रूपए आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व निवास के द्वारा मृतक के निकटतम वारसान पति झनकलाल के खाते में आर्थिक सहायता की राशि प्रदाय की गई है।

### मण्डला सांसद कुलस्ते से लोगों को बड़ी उम्मीदें

# रेल सुविधाओं में होगा इजाफा?








*** लम्बी दूरी की ट्रेनों का मिलेगा लाभ।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

मण्डला में यूं तो रेल सुविधा अंग्रेजों के जमाने से ही उपलब्ध रही है और अंग्रेजों ने इस जिले को रेल परिवहन के माध्यम से जोड़ा था तो कुछ तो विजन रहा होगा लेकिन आजादी के बाद से रेल सुविधाओं में कोई भी बढ़ोत्तरी नहीं हो सकी। वर्षो बाद नेरोगेज को ब्रॉडगेज में तो बदला गया लेकिन आज भी रेल सुविधाओं के नाम पर मण्डला शून्य ही कहा जायेगा।

रेल सुविधाओं में इजाफा को लेकर लगातार जिले के लोग संघर्षरत हैं और उन्हें हमारे लाड़ले सांसद फग्गनसिंह कुलस्ते से ही उम्मीद नजर आ रही है उन्हें यह लगता है कि फग्गनसिंह कुलस्ते अवश्य आने वाले दिनों में मण्डला को रेल से संबंधित कोई बड़ी सौगात दे सकते हैं।

25 दिसंबर 2025 को सांसद फग्गनसिंह कुलस्ते के मंडला आगमन को लेकर जिले में हलचल तेज़ हो गई है। राष्ट्रीय रेल संघर्ष समिति एवं स्थानीय नागरिकों ने स्पष्ट किया है कि यह दौरा औपचारिक नहीं बल्कि जवाबदेही तय करने का अवसर होगा। जिसमें रेल, सड़क एवं रोजगार इन सभी विषयों के लेकर गंभीर चर्चा होगी सांसद के मंडला फोर्ट पहुंचने की भी बात कही जा रही है जहां वे शायद यह व्यक्तव्य दें कि जल्द ही लंबी दूरी की ट्रेन प्रारंभ होगी।

### जल्द पूर्ण होंगे निर्माण?

मंडला फोर्ट रेलवे स्टेशन पर प्लेटफॉर्म निर्माण आज भी अधूरा है, यात्री सुविधाएँ नदारद हैं और कोचिंग डिपो पिट लाइन जरूरी है जिससे आगामी लंबी दूरी की ट्रेन का आवागमन जल्द चालू हो जाए। यह अब तक स्वीकृत नहीं हो पाया है। इसी कारण मंडला से एक भी लंबी दूरी की नियमित ट्रेन नहीं चल रही।

### कब मिलेगी पेंचवेली एक्सप्रेस की सौगात

पेंचवेली एक्सप्रेस का तय दिनांक की आज तक घोषणा नहीं हो पाई हो सकता 25 दिसंबर बड़ा दिन माना जाता है शायद इस दिन सांसद महोदय इसकी घोषणा कर दें। इसके साथ ही पातालकोट एक्सप्रेस जैसी आवश्यक ट्रेनों का मंडला से प्रारंभ नियमित न होना, जिले के यात्रियों के साथ खुला अन्याय है। वहीं, नवीन रेलमार्गों के प्रस्ताव वर्षों से फाइलों में दबे पड़े हैं, जिनकी कोई समय-सीमा तय नहीं की गई है इन पर भी शायद काम प्रारंभ हो।

रेल्वे संघर्ष समिति तो चाहती है कि हमारे सांसद 25 दिसंबर को रेल्वे प्लेटफार्म में खड़े होकर नवीन उद्घोषणा कर दे जिसमें मुख्य रूप से यह बात शामिल हो कि नवीन रेलमार्ग जो बिलासपुर मंडला जबलपुर साथ ही गौरेला पेंड्रा अमरकंटक डिंडोरी मंडला गोटेगांव से होकर गुजरेगा उसकी सहमति मिलने जा रही है।

रेल्वे संघर्ष समिति दबी जुबान पर उम्मीद के साथ यह चेतावनी भी देती नजर आ रही है कि 25 दिसंबर को सांसद रेल्वे स्टेशन पहुंचकर स्पष्ट घोषणा नहीं करते और पेंचवेली एक्सप्रेस की समय-सीमा नहीं बताते तो मंडला में व्यापक जन-आंदोलन शुरू किया जाएगा।

### इनका कहना है :-

*सांसद कुलस्ते जी अमृत भारत स्टेशन मंडला फोर्ट का निरीक्षण करने की कृपा करें। अभी भी आम यात्रियों की आवश्यकता की सुविधाओं का अभाव है।*

***-अनूप मिश्रा, राष्ट्रीय अध्यक्ष,***
**रेल्वे संघर्ष समिति मंडला**

*हम वर्षो से रेल सुविधाओं के नाम पर सिर्फ आश्वासन ही पाते रहे हैं अब लेकिन आश्वासन से काम नहीं चलने वाला अब या तो सुविधायें मिलेगी या फिर जनआंदोलन होगा।*

***-अखिलेश सोनी,***
**रेल्वे संघर्ष समिति**



## अतिथि शिक्षक जुलाई 2024 और सितंबर 2025 से अब तक शेष भुगतान के लिए पहुंचे जनसुनवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

मण्डला विकासखंड के अंतर्गत सागर संकुल के सभी विद्यालयों में वर्ग तीन में पढ़ाने वाले अतिथि शिक्षकों को सितंबर 2025 से मानदेय का भुगतान नहीं कराया गया है। जिसको लेकर अतिथि शिक्षक जनसुनवाई में पहुंचे थे,परंतु देर हो जाने के कारण सहायक आयुक्त, कलेक्ट्रेट और विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय के आवक-जावक शाखा में आवेदन देकर वापस जाना पड़ा। अतिथि शिक्षक परिवार मण्डला से जिला अध्यक्ष पी.डी. खैरवार ने आरोप लगाया है,कि शासन-प्रशासन में बैठे जिम्मेदार पदाधिकारी अतिथि शिक्षकों पर तरह-तरह की समस्याओं को थोपे रहते हैं। कभी देर से मानदेय भुगतान तो, कभी भर्ती देर से, तो कभी अतिथि शिक्षक को सेवा से अनावश्यक अलग करके। जो अतिथि शिक्षकों के लिए कष्टदायक तो है ही,विद्यार्थियों के भी गुणवत्तापूर्ण पठन-पाठन के लिए बाधक है। जानकारी के अनुसार सागर संकुल के वर्ग तीन में पढ़ाने वाले दर्जनों अतिथि शिक्षकों को सितंबर से अब तक का मानदेय नहीं कराया गया है। इतना ही नहीं जुलाई 2024 का मानदेय भी शेष है।जिसके कारण इनके परिवारों पर विपरीत असर पड़ता जा रहा है। मांग की गई है, कि जिन विकासखंडों या संकुलों में भुगतान लंबित है भुगतान जल्द से जल्द किया जाए। सर्वज्ञात है, कि अत्यंत कम मानदेय होने के बावजूद अतिथि शिक्षक ईमानदारी के साथ विद्यालयों में अपनी सेवाएं देने का काम करते आ रहे हैं,जिनको समय पर मानदेय का भुगतान करना शासन-प्रशासन का पहला काम होना चाहिए।शासन के द्वारा जारी आदेश के बाद भी भुगतान में देरी से तरह-तरह की समस्याओं से जूझना पड़ता है।इस समस्या को लेकर मण्डला विकासखंड शिक्षा अधिकारी रंजीत गुप्ता से बात करने पर कहा गया, कि अतिथि शिक्षक वर्ग तीन के भुगतान मद हैड पर आवंटन प्राप्त नहीं हुआ है। वर्ग एक और दो का आवंटन लागातार आ रहा है। वर्ग तीन वालों के हैड में आवंटन प्राप्त होते ही शेष भुगतान कर दिया जाएगा। जुलाई 2024 का शेष भुगतान मेरे संज्ञान में अभी आया है। जिसा भुगतान शीघ्र कर दिया जाएगा।

## विद्यार्थी परिषद के प्रतिनिधि छिंदवाड़ा रवाना, 58 वे प्रांतीय अधिवेशन में होंगे सम्मिलित



**मण्डला।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मंडला जिले के 25 कार्यकर्ता विद्यार्थी परिषद के 58 वे प्रांतीय अधिवेशन में सम्मिलित होंगे यह अधिवेशन छिंदवाड़ा में दिनांक 24, 25, 26 दिसंबर को सम्पन्न होगा। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने जयघोष भी किए। जिला अधिवेशन प्रमुख प्रिंस सिंह ने कहा कि यह अधिवेशन विद्यार्थी परिषद के संगठनात्मक विस्तार और वैचारिक मजबूती का प्रतीक है। उन्होंने जोर दिया कि ऐसे आयोजन युवाओं में नेतृत्व क्षमता और राष्ट्रभाव को सशक्त बनाते हैं। छिंदवाड़ा में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) महाकौशल प्रांत का 58वां प्रांत अधिवेशन 24 से 26 दिसंबर 2025 तक आयोजित किया जाएगा। तीन दिवसीय यह अधिवेशन ऐतिहासिक और जनजातीय पहचान वाले छिंदवाड़ा शहर में होगा, जिसमें महाकौशल प्रांत के 27 जिलों से 550 से अधिक छात्र-छात्राएं और प्राध्यापक शामिल होंगे। इस आयोजन को लेकर विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह है।

## प्राचार्य ने हरी झंडी दिखाकर विद्यार्थियों को किया औद्योगिक भ्रमण के लिए रवाना



हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला/भुआबिछिया

उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिछिया के विद्यार्थियों को प्राचार्य श्रीमति अरुणा दीक्षित ने हरी झंडी दिखाकर शासकीय बालिका पॉलीटेक्निक कॉलेज मंडला एवं सरदार पटेल संस्थान के औद्योगिक भ्रमण के लिए रवाना किया। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को तकनीकी शिक्षा, विभिन्न ट्रेडों में उपयोग होने वाली मशीनों और सुरक्षा प्रक्रियाओं की वास्तविक जानकारी देना था। विद्यार्थियों ने विभिन्न ट्रेडों की कार्यशालाओं का करीब से निरीक्षण किया और प्रशिक्षकों से मशीनों के कार्य-विधि, इलेक्ट्रिकल सुरक्षा तथा मोटर संचालन से संबंधित जानकारी प्राप्त की। महाविद्यालय के प्राचार्य अरुण गुप्ता ने विद्यार्थियों को कैरियर अवसर, रोजगार संभावनाएँ और पॉलीटेक्निक कॉलेज में प्रवेश प्रक्रिया के बारे में भी मार्गदर्शन दिया। यह भ्रमण विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक रहा। भ्रमण में कुल 67 विद्यार्थियों सहित असित लोध, राहुल पटेल, व्यवसायिक प्रशिक्षक विकास जंघेला एवं नन्हे लाल परते उपस्थित रहे।

## बटकाखापा में कल छिंदवाड़ा और नागपुर के डॉक्टर विशाल शिविर में करेंगे मरीजों का ईलाज

**छिंदवाड़ा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन 17 सिंतबर से प्रारंभ होकर पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस 25 दिसंबर तक आयोजित हो रहे 100 दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का समापन बटकाखापा में 25 दिसंबर को विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर के साथ किया जायेगा। इस दौरान बटकाखापा में आयोजित विशाल जिला स्तरीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में मेडिकल कॉलेज छिंदवाड़ा के डाक्टरों की टीम के साथ ही छिंदवाड़ा एवं नागपुर में संचालित प्रायवेट हास्पिटलों के विशेशज्ञ डाक्टर्स भी अपनी सेवाएं देंगे। उल्लेखनीय है कि विगत दो वर्शो से सांसद बंटी विवेक साहू के मार्गदर्शन में छिंदवाड़ा एवं पांढुर्णा जिले में 100 दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें प्रतिवर्श हजारों मरीजों को स्वास्थ्य लाभ मिल रहा है।

# कलेक्टर ने सुनी 137 आवेदकों की समस्याएं

**कलेक्टर जल्द से जल्द प्रकरणों का निराकरण करने के दिए अधिकारियों को दिशा निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

राज्य शासन के जनसुनवाई कार्यक्रम के अंतर्गत प्रति सप्ताह मंगलवार को आम नागरिकों की समस्याओं की सुनवाई की जाती है और संबंधित विभाग के अधिकारियों से इन समस्याओं का त्वरित निराकरण कराया जाता है । कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायन ने आज कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में 137 आवेदकों की समस्यायें सुनी ।

इस दौरान जिले के शहरी और ग्रामीण, दूरस्थ अंचलों से आये आवेदकों ने उपस्थित होकर अपनी समस्याओं के निराकरण के लिये आवेदन प्रस्तुत किये । जनसुनवाई में मुख्य रूप से ज़मीन का सीमांकन करने, संबल योजना का लाभ दिलाने, सड़क बनाने, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुये। जनसुनवाई के दौरान आवेदकों के बैठने की व्यवस्था भी की गई थी।



कलेक्टर श्री नारायन ने विभिन्न आवेदनों में तत्काल प्रकरण नोट कराते हुए तत्परता के साथ निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कई प्रकरणों को समय सीमा की बैठक में समीक्षा के लिए भी चिन्हांकित किया। जनसुनवाई कार्यक्रम में आज ग्राम उमरेठ के आवेदकगणों द्वारा स्वामित्व योजना के अंतर्गत जारी पट्टा निरस्त करने, ग्राम दमुआ के श्री मदरसी धुर्वे ने धागे से कपड़े बनाने की मशीन प्रदान करने, ग्राम पगारा के आवेदकगणों ने शासकीय भूमि को शासकीय आबादी भूमि घोषित करने एवं भूमि पर आवासीय पट्टा प्रदान करने, ग्राम गुरैया के ग्रामीणों ने सार्वजनिक रास्ते के अवरोध को हटाने, ग्राम सारंगबिहरी की श्रीमती दुर्गा धांदोडे ने राष्ट्रीय पारिवारिक सहायता योजना तथा मुख्यमंत्री जनकल्याण योजना (संबल योजना) का लाभ दिलाने, ग्राम खजरी अंतू के ग्रामवासियों ने ग्राम पंचायत खजरी अंतू से अम्मूढाना तक सड़क बनाने, ग्राम मोठार की सुश्री शिवानी सूर्यवंशी ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, ग्राम शिवपुरी/सिरगोरा के कृषकों ने खेत सड़क योजना के अंतर्गत सड़क बनाने आदि प्रकरणों में सुनवाई हुई।

**बैठक** | **स्टेंडिंग कमेटी की बैठक सह पत्रकार वार्ता का हुआ आयोजन।**

# 5235 मतदाताओं की नहीं हुई मैपिंग

*** 22 जनवरी 2026 तक दावा आपत्ति का समय।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सोमेश मिश्रा की अध्यक्षता में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 अंतर्गत स्टेंडिंग कमेटी की बैठक सह प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी श्री मिश्रा ने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार को जिले के सभी मतदान केन्द्रों में मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन किया गया है। जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्रों के 816651 मतदाताओं में से एसआईआर के दौरान नो मैप श्रेणी में पाए गए 5235 मतदाताओं की मैपिंग नहीं हो सकी है। इन मतदाताओं को निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा नोटिस जारी कर आयोग द्वारा निर्धारित किए गए दस्तावेजों में से कोई एक दस्तावेज प्राप्त कर सुनवाई उपरांत निर्णय लिया जायेगा। इसके लिए दावा आपत्ति 22 जनवरी 2026 तक की जा सकती है।



इस दौरान मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली का प्रारूप हार्ड एवं सॉफ्ट कॉपी में उपलब्ध कराया गया। बैठक सह प्रेसवार्ता के दौरान विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ-साथ अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजेन्द्र कुमार सिंह, एसडीएम तथा निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी 107 मंडला श्रीमती सोनल सिडाम सहित जिले के मीडियाकर्मी मौजूद रहे।

# जिले का किसान पूरी तरह से त्रस्तः किसान कांग्रेस

**छिन्दवाड़ा।** किसान दिवस पर जिला किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष पुष्पेन्द्र सिंह ने वक्तव्य जारी कर बताया कि किसान लगातार परेशान है किसानों को उनकी फसल मक्का ,गन्ना ,संतरा और कपास का समर्थन मूल्य प्राप्त नहीं हो रहा है किसानों को सिंचाई के लिये दिन में पर्याप्त बिजली नहीं मिल रही है जलाशयों से किसानों को सिंचाई के लिये नहरों से पानी भी सही ढंग से उपलब्ध नहीं करवाया जा रहा है। किसानों को फसल बीमा कंपनियाँ फसल नुकसानी की क्षति का भुगतान भी नहीं कर रही है।

### कलेक्ट्रेट कार्यालय में सांसद ने ली जिला स्तरीय बैंकर्स समिति एवं जिला परामर्शदात्री समिति की बैठक

# पीएम द्वारा आपकी पूंजी आपका अधिकार अभियान के माध्यम से खाताधारकों को मिलेगा पैसा : सांसद

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशानुरूप आपकी पूंजी आपका अधिकार अभियान के तहत अब लोगों के बंद खातों में पड़ा हुआ पैसा आसानी से मिल सकेगा। लोगों को उनका पैसा उपलब्ध कराने के लिए बैंकों के माध्यम से कैंप और मीटिंग का आयोजन भी किया जायेगा। इसे लेकर सांसद बंटी विवेक साहू ने कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में लीड बैंकों के आधिकारियों की बैठक ली।



उन्होंने अधिकारियों को बताया कि शीतकालीन सत्र के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा सांसदों की बैठक लेकर लोगों का बैंकों में पड़ा पैसा उपलब्ध कराने के लिए सहयोग की अपील की है।

उल्लेखनीय है कि कलेक्ट्रेट कार्यालय छिंदवाड़ा में बैंकों की योजनाओं की समीक्षा करने के लिए बैठक का आयोजन किया गया था। जिसमें प्रमुख लीड बैंकों के अधिकारी और मैनेजर सहित शासकीय विभागों के अधिकारी मौजूद थे। जिसमें सांसद बंटी विवेक साहू ने बैंकों के अधिकारियों को कहा है कि वे उनके बैंकों में बंद खातों में पड़ा हुआ रूपये लोगों को उपलब्ध कराने के लिए कैंप और बैठकों का आयोजन करे। जिसमें वे लोगों को रूपये निकालने की प्रक्रिया को बताते हुए उनसे शीघ्र अतिशीघ्र प्रक्रिया कराकर उन्हें उनके रूपये वापस करने की प्रक्रिया पूर्ण करें।

कलेक्ट्रेट कार्यालय में बैठक के दौरान सांसद बंटी विवेक साहू ने बैंक के अधिकारियों को बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशा के अनुरूप अब हितग्राहियों के खातें में सीधा पैसा भेजा जा रहा है। लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में एटीएम सुविधा नहीं होने से लोगों को पैसा निकालने में परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्रामीण क्षेत्रों में बीसी अपाईंट किए जाए, जो गांवों में जाकर लोगों का पैसा उन्हें निकालकर देने के साथ ही बैंकों की अन्य प्रक्रिया भी गांव में ही पूरी की जायेगी।

## खबर संक्षेप

### रास्ते में पानी भर जाने के चलते भतीजे ने की चाचा की पिटाई

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** छोटी छोटी बातों को लेकर लोग अपने रिस्ते भूलकर एक दूसरे के दुश्मन बनकर मारपीट करने में पीछे नही रहते है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिवस समीपस्थ सालीचौका पुलिस चौकी के अंतर्गत ग्राम पनागर में देखने मिली है जहां पर खेत में सिंचाई के दौरान रास्ते में पानी आ जाने की बात को लेकर एक युवक ने अपने चाचा के साथ मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम पनागर निवासी प्रेम सिंह पिता मान सिंह राजपूत उम्र 45 साल द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि मैं अपने खिरिया हार वाले खेत पर गन्ना की फसल में पानी बदल रहा था तभी मेरा भतीजा अरविंद राजपूत आया और बोला कि तुमने रास्ते में पानी क्यों भर दिया है। प्रार्थी ने कहा कि मेरे खेत का पानी रास्ते में नहीं भरा है बल्कि किसी और के खेत का पानी रास्ते में आ गया होगा इसी बात को लेकर अरविंद राजपूत द्वारा गंदी गंदी गालिया देते हुये लाठी से मारपीट कर चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने चाचा की शिकायत पर आरोपी भतीजे के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### मोटर साईकिल की टक्कर से महिला घायल

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** सड़को पर युवाओं द्वारा जिस तरह तेज गति व लापरवाही पूर्वक तरीके से अपने वाहनों को दौड़ाया जाता है उससे वह खुद के साथ साथ दूसरों की जिन्दगी को खतरे में डालने से नही चूकते है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाइ्र बीते हुये दिवस समीपस्थ कौड़िया शुगर मिल के पास देखने मिली जहां पर दो मोटर साईकिलों की भिंडत के चलते एक महिला व पुरूष घायल हो गये। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम निवासी पौड़ी निवासी एक व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि मेरी पत्नि शांति बाई धानक बीते हुये दिवस गांव के चंद्र कुमार के साथ मोटर साईकिल से ग्राम पनारी जा रहे थें। जैसे ही उनकी मोटर साईकिल कौड़िया शुगर मिल के पास पहुंती तो पीछे से मोटर साईकल क्र.MP49ZA3944 का चालक अपनी मोटर साईकिल को तेज गति व लापरवाही पूर्वक चलाते हुये लाया और जिस मोटर साईकिल पर प्रार्थी की पत्नी बैठी हुई थी उसको टक्कर मारने के चलते प्रार्थी की पत्नी सहित चंद्र कुमार नीचे गिरते हुये गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी मोटर साईकिल चालक के खिलाफ मामला दर्ज करते हुये जांच में लिया गया है।

### सटोरिया आये पुलिस की गिरफ्तार में

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** सट्टे के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिये उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा के मार्ग दर्शन में नगर निरीक्षक विक्रम रजक द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। इस तरह विक्रम रजक की टीम द्वारा बीते हुये दिनों सटोरियों के खिलाफ की जा रही कार्यवाही के चलते पुलिस द्वारा नगर के जगदीश वार्ड में संजय पिता गिरधारी लाल कहार को अवैध रूप से सट्टा पट्टी काटते हुये पकड़कर आरोपी के पास से सट्टा पट्टी सहित नगदी 1730 रूपया तथा कार्तिक पिता हर नारायण बाथरे के पास से भी सट्टा पट्टी सहित नगदी 2100 रूपया एवं दीपक पिता मनोहर कौरव के पास से भी सट्टा पट्टी व नगदी 1870 रूपयाज जप्त किये गये।

# राज्य स्तरीय मार्ग क्रमांक 22 पर नालियों के गंदे पानी ने लिया नाले का स्वरूप, वाहन चालक गंदगी के बीच से निकलने हो रही मजबूर, स्टेट हाईवे की दुर्दशा की ओर अनदेखी







**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

कहने के लिये तो गाडरवारा नगर राज्य स्तरीय मार्ग के किनारे बसा हुआ है जिसके चलते यह मार्ग गाडरवारा को प्रदेश की राजधानी भोपाल तथा संस्कारधानी जबलपुर से जोड़ता है। इसी के चलते इस मार्ग से जहां प्रदेश से लेकर देश के आम लोगों सहित राजनेताओं का निकलना होता रहता है। वही दूसरी ओर क्षेत्र में स्थापित राष्ट्रीय स्तर का उद्योग एनटीपीसी सहित गाडरवारा क्षेत्र में दाल सहित गन्ना उत्पादन के गुड के रूप में एक अलग ही पहचान बनाई गई है। मगर इसके बाद भी क्षेत्र के मार्ग की दुर्दशा की ओर जिम्मेदारों द्वारा किसी तरह से ध्यान नही देने के कारण जहां स्टैट हाईवे मार्ग गड्डो से सराबोर होने के चलते जहां इस मार्ग पर सड़क दुर्घटनाये होते हुये देखा जाना आम बात हो चुकी है। मगर वही दूसरी ओर नगर के समीप सोया प्लांट के पास इस मार्ग पर जिस तरह कालोनी की गंदी नालियों का पानी बहते हुये देखा जा रहा है वह एक नाले का स्वरूप धारण कर चुका है। हाल यह बना हुआ है कि गंदगी के बीच से जिस तरह वाहनों को निकलते हुये देखा जाता है वह निश्चित तौर से सरकार द्वारा चलाये जा रहे स्वच्छता अभियान पर भी सबाल खड़े करने से नही चूक रहा है..? बताया जाता है कि गाडरवारा से कामती की ओर जाने वाले सोया प्लांट के समीप स्टैट मार्ग के किनारे बसी हुई एक कालोनी में नालियों के जल निकासी की उचित व्यवस्था नही होने के चलते जहां नालियों का यह गंदा पानी पास के खाली पड़े हुये भूखंड में एकत्र हो रहा था। मगर अब हाल यह बना हुआ है कि वहां पर भी इस गंदे पानी मात्रा अधिक होने के चलते अब वह स्टैट हाईवे से एक नाले के रूप में बहते हुये दिखाई देने लगा है। इस तरह राज्य स्तरीय मार्ग से इस गंदे पानी के चलते एक नाले का रूप धारण किये जाने का परिणाम है कि छोटे से लेकर बड़े वाहन इसी गंदगी के बीच से निकलते हुये देखे जा रहे है। इस स्थिति में जहां आये दिन वाहनों को दुर्घटना होते हुये देखा जाता है। मगर परेशानी का सामना उन छोटे स्कूली छात्र छात्राओं सहित मोटर साईकिल चालको को झेलना पड़ती है जो इस गंदगी पूर्ण सड़क के ऊपर से बहने वाले नालियों के पानी के बीच से गुजरने के दौरान गंदगी से भिंडने से नही बच पाते है। कभी कभी तो स्थिति इस तरह से देखने मिलती है कि यहां से स्कूली बच्चे या फिर मोटर साईकिलों से आम लोग निकल रहे होता है इसी दौरान यदि कोई बड़े वाहन का निकलना हो जाता है तो यह गंदा पानी उछलकर लोगों के कपड़े गंदे करने नही चूकता है। वही दूसरी ओर स्टैट हाईवे क्रमांक 22 के ऊपर मुख्य मार्ग से नाले के रूप में बह रहे नालियों के गंदे पानी के चलते यहां पर दुकानदारों को भी अनेक प्रकार की परेशानियों का सामना करते हुये देखा जा रहा है। बताया जाता है कि गंदे पानी के चलते चारो ओर गंदगी फैल रही है। वही यह पानी जिस तरह बदबू फैला रहा है उसके कारण यहां पर संचालित हो रही दुकानों पर ग्राहक बैठ नही पा रहा है। इस स्थिति में दुकानदारों को गंदगी का सामना करते हुये आर्थिक क्षति का सामना भी करना पड़ रहा है। इस तरह राज्य स्तरीय माने जाने वाला यह मार्ग जिस प्रकार से गड्डो से सराबोर होने के चलते आये दिन दुर्घटनाओं के चलते वाहन चालक परेशान हो रहे थें। वही दूसरी ओर अब गंदगी ने परेशान करने में कोई कसर नही छोड़ी जा रही है। वैसे भी गौर किया जावे तो सोया प्लांट वाला यह स्थान प्रमुख होने के चलते यहां पर दिन भर लोगों की भीड़ बनी रहती है। क्योंकि यहां पर स्थित तिरहे से जहां एक मार्ग एनटीपीसी पावर प्लांट की ओर जाता है तो दूसरी ओर इसी मार्ग से पिपरिया होशंगाबाद जाने वाले वाहन निकलते है तो दूसरी ओर सांईखेड़ा पहुंचने के लिये भी यही मार्ग मौजूद प्रमुख माना जाता है। वही दूसरी ओर इसी मार्ग से क्षेत्र के एक सैकड़ा से अधिक गांवों के लोगों को गाडरवारा शहर से जोड़ने वाला मार्ग होने के कारण आसपास के गांवों के लोगों का दिन भर इस मार्ग से अपने छोटे वाहनों से आना जाना लगा रहता है। मगर इस मार्ग पर जिस प्रकार से नालियों का गंदा पानी बहने की सच्चाई को संबंधित विभाग सहित क्षेत्र के जिम्मेदारों द्वारा नजर अंदाज किया जा रहा है। उससे यह प्रतीत होने से नही चूक रहा है कि शायद अब आम लोगों की परेशानियों से शासन प्रशासन में बैठे हुये लोगों को कोई लेना देना नही रहे गया है..?

# अलग अलग स्थानों से पुलिस द्वारा जप्त की गई अवैध शराब



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

शराब की अवैध विक्री पर अंकुश लगाने के लिये जिला पुलिस अधीक्षक ऋषिकेश मीना के निर्देशन में गाडरवारा क्षेत्र में उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा के मार्ग दर्शन में नगर निरीक्षक विक्रम रजक की टीम द्वारा लगातार धरपकड़ मुहिम चलाई जा रही है। इसी के चलते बीते हुये दिनों टीआई विक्रम रजक की टीम द्वारा नगर सहित क्षेत्र के गांवों में छापा मार कार्यवाही करते हुये अलग अलग स्थानों से अवैध शराब जप्त करने में सफलता हासिल की गई ळे। इस संबंध में पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार नगर के कुचबंदिया मुहल्ला में तुलसीराम पिता अजुद्दी धानक निवासी कचहरी के सामने के पास से 5 लीटर व हरीश पिता विश्राम ठाकुर निवासी शास्त्री वार्ड के पास से 5 लीटर तथा भूरालाल पिता मिहीलाल धानक के पास से 5 लीटर, राकेश पिता राधे श्याम कुर्मी निवासी सुभाष वार्ड के पास से 5 लीटर तथा राजू पिता मोहन अहिरवार निवासी मरघटा मुहल्ला के पास से 5 लीटर व दीपक पिता राजेश कहार निवासी डोलाबाबा के पास से 5 लीटर तथा शंकर लाल पिता मनीराम कहार निवासी नदी मुहल्ला के पास से 5 लीटर कच्ची तो छोटू पिता गेंदालाल धानक निवासी बीटीआई स्कूल के पास से 5 लीटर कच्ची महुआ की शराब जप्त की गई। इसी प्रकार से समीपस्थ ग्राम भूतखेड़ा में पुलिस द्वारा कैलाश पिता हीरालाल चौधरी के पास से 30 पाव देशी शराब जप्त की गई। इसी प्रकार से समीपस्थ सिहोरा चौकी पुलिस द्वारा भी ग्राम गरहा में शिवकुमार पिता कैलाश जाटव के पास से 5 लीटर कच्ची महुंआ की शराब जप्त की गई। इसी प्रकार से समीपस्थ चीचली पुलिस द्वारा भी अपने थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम रिछई पुआरिया रोड पर घन श्याम उर्फ पप्पू पिता मेहरबान सिंह कौरव निवासी पुआरिया के पास से 12 पाव देशी शराब पकड़ी गई। वही सांईखेड़ा पुलिस द्वारा भी नगर के रम्पुरा रोड पर कैलाश पिता सूबेदार सिंह राजपूत निवासी कैलकच्छ के पास से 17 पाव देशी तथा मेहरगांव तिरहा के पास गोपाल पिता फूल सिंह राजपूत के पास से 20 पाव देशी एवं पिठवानी मार्ग पर गोलू पिता परषोत्तम बंशकार निवासी खैरी पाली के पास से 19 पाव देशी शराब जप्त की गई। इसी प्रकार से ग्राम पिठवानी में वही के निवासी राघव पिता अतर सिंह अहिरवार के पास से भी पुलिस द्वारा 25 पाव देशी शराब जप्त करते हुये आरोपियों के खिलाफ धारा 34 आवकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।

# किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के पहले ही पुलिस ने संदिग्ध युवक पास से जप्त की मोटर साईकिल सहित देशी पिस्टल व जिंदा कारतूस






**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** नगर व क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिये जिला पुलिस अधीक्षक ऋषिकेश मीना के निर्देशन में गाडरवारा पुलिस द्वारा संदिग्धों पर पैनी नजर रखी जा रही है। इसी प्रकार से बताया जाता है कि बीते हुये सोमवार मंगलवार की दरम्यानी रात उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा के मार्ग दर्शन व नगर निरीक्षक विक्रम रजक के नेतृत्व में पुलिस टीम में शामिल द्वारा नगर में सहायक उप निरीक्षक राजेश तिवारी, प्रधान आरक्षक राम गोपाल सिंह राजपूत, आरक्षक रूपेन्द्र चौबे, बालकृष्ण रघुवंशी बल्लू, सुजीत बागरी, शिवम पटैल, दीपक राजपूत, शिशुपाल सिंह तोमर, सौरभ मिश्रा, हरिशंकर द्वारा गस्त की जा रही थी उसी दौरान नगर की गोल्डन सिटी में एक युवक बगैर नम्बर की मोटर साईकिल से संदिग्ध स्थिति में घुमते हुये पाये जाने पर पुलिस द्वारा संदिग्ध युवक को अपनी हिरासत में लेते हुये जब पूछताछ की गई तो युवक द्वारा अपना नाम ब्रजेश पिता छुट्टन कुशवाहा निवासी ग्राम टाटरा थाना बनखेड़ी जिला नर्मदापुरम का होना बताया गया। वही रात के समय इस तरह कालोनी में भ्रमण किये जाने के संबंध में जब पुलिस द्वारा युवक से पूछताछ की गई तो उसके द्वारा किसी तरह कोई संतोष जनक जबाव नही दिये जाने के चलते पुलिस द्वारा पकड़े गये युवक की तलाशी लेने पर उसके पास से पुलिस को एक जिन्दा कारतूस सहित देशी पिस्टल मिलने के चलते पुलिस ने आरोपी के पास से बगैर नम्बर की बाइक सहित देशी पिस्टल व कारतूस जप्त करते हुये आरोपी के खिलाफ धारा 25(1)(a),25 (1)(b),27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज करते हुये गिरप्तार करने के बाद मा. न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। युवक से जप्त की गई देशी पिस्टल की कीमत लगभग चालीस हजार बताई जा रही है। इस तरह पुलिस द्वारा नगर व क्षेत्र में किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के पहले युवक को पकड़ते हुये उसके पास से देशी कट्टा सहित जिन्दा कारतूस जप्त करने में सफलता तो हासिल कर ली गई है। मगर सबाल यह पैदा हो रहा है कि दूसरे जिले में निवास करने वाला यह युवक जिस तरह अपने साथ इस तरह हथियार लेकर रात के समय एक कालोनी में भ्रमण करते हुये पुलिस के हाथ लगा हुआ है। यदि पुलिस इस समय रहते हुये पकड़ने में सफल नही होती तो निश्चित तौर किसी बड़ी घटना सामने आने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता था...? सही मायने में देखा जावे तो उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा व नगर निरीक्षक विक्रम रजक की टीम द्वारा अपने दायित्वों का निष्ठा के साथ पालन करते हुये की जा रही गस्त के चलते एक बड़ी घटना को अंजाम देने के पहले ही आरोपी को पकड़ने में सफलता हासिल की गई है।

# मार्क्सवादी कम्यूनिस्ट पार्टी द्वारा सालीचौका में विरोध प्रदर्शन करते हुये किया चकाजाम





**हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।**

वामपंथी पार्टियों के देशव्यापी आव्हान पर मार्क्सवादी कम्यूनिस्ट पार्टी बीते हुये दिवस सालीचौका में चक्का जाम,पुतला दहन के साथ सरकार द्वारा लिये गये निर्णयों के बिलों की प्रतिया जलाते हुये विरोध प्रदर्शन किया गया। बताया जाता है कि सालीचौका क्षेत्र में खाद वितरण केंद्र बेयर हाउस बसुरिया रोड डांग के सामने रोड पर चक्का जाम करते हुये विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान पुलिस के साथ पुतले को लेकर झूमा झटकी होते हुये भी देखी गई। इस दौरान माकपा एवं किसान सभा के कार्यकर्ता सालीचौका नगर में प्रदर्शन करते हुए महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) का नाम बदलने के नाम पर अपना विरोध प्रदर्शन कर रहे थें। उनका आरोप है कि केन्द्र सरकार द्वारा विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन ग्रामीण, योजना के नाम से बिल लाकर 40 प्रतिशत राशि खर्च करने का बोझ राज्यों पर डालकर अपनी जिम्मेवारी से बचते हुए योजना को समाप्त करना चाहते हैं। इस दौरान किसानों की मुख्य समस्या यूरिया के लिये परेशानी होने के साथ साथ अन्य मुद्दो पर भी विरोध प्रदर्शन किया गया। इस विरोध प्रदर्शन के दौरान किसान सभा के अध्यक्ष लीलाधर वर्मा , महासचिव देवेंद्र वर्मा एवं माकपा जिला समिति के करण सिंह अहिरवार, देवेंद्र वर्मा, गंगा राम बघेल, नरेंद्र वर्मा, रामसिंह वर्मा, दारा सिंह मेहरा, एल एन वर्मा, तुलसीराम श्रीवास, बृज किशोर वर्मा, यदुराज वर्मा, दीपक वर्मा, जीवन चौधरी, नन्हेलाल वर्मा, ओम प्रकाश वर्मा सहित बड़ी संख्या में महिलाएं एवं किसान उपस्थित थें।



# रोटरी क्लब ने स्कूली बच्चों को किया गर्म वस्त्रों का वितरण



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

सदा ही समाज सेवा में लगे रहने वाले नगर के रोटरी क्लब द्वारा नगर में स्कूली बच्चों को चल रही ठंड के सीजन से सुरक्षा को ध्यान में रखते हुये गर्म कपड़ो का वितरण किया गया। बताया जाता है कि बीते हुये मंगलवार को रोटरी क्लब गाडरवारा द्वारा गोद ली गई नगर की गंज प्राथमिक शाला में बच्चों को ठंड के मौसम से राहत देने के उद्देश्य से स्वेटर, मोजों का वितरण किया। वही गर्म कपड़ो के साथ साथ सभी बच्चों को बिस्कुट भी दिये गये। इस अवसर पर पूर्व असिस्टेंट गवर्नर मिनेन्द्र डागा ने कहा कि क्लब द्वारा समाजसेवा से जुड़े कार्यों को हमेशा प्राथमिकता के आधार पर किया जाता है। रोटरी क्लब अध्यक्ष सुरेन्द्र साहू ने कहा कि आगामी समय में भी इसी तरह के कार्य किये जाएंगे। रोटरी शिक्षा समिति अध्यक्ष अमित पटैल के संयोजन में हुए इस आयोजन में सहायक संचालक सुश्री सीमा डोंगरे, रोटरी सचिव मनोज वसा, कोषाध्यक्ष विमल गुप्ता, सुनील श्रीवास्तव, अशोक राजपूत, मनीष जायसवाल, मोनू बड़कुर, प्रियांक सोनी, अक्षय जैन सहित जनशिक्षक प्रदीप मालवीय, शाला के शिक्षकों एवं बच्चों की उपस्थिति प्रमुख रूप से रही।

# सांगई स्कूल में राष्ट्रीय गणित दिवस पर्व पर आयोजित किये कार्यक्रम



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** जनपद पंचायत सांईखेड़ा के अंतर्गत आने वाले ग्राम सांगई की एकीकृत शासकीय नवीन माध्यमिक शाला में बीते हुये दिवस राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय मे छात्र छात्राओं के हितार्थ रंगोली, महंदी, चित्रकला एवं प्रश्न मंच प्रतियोगिताओं का आयोजन प्राथमिक एवं माध्यमिक वर्ग के लिए अलग अलग किया गया। बताया जाता है कि इन प्रतियोगिताओ मे छात्र छात्राओं ने अंक चार्ट, संख्या चार्ट,त्रिभुज, चतुर्भुज, घन, घनाभ, वृत्त, अर्धवृत्त, वर्ग,आयत, शंकु, बेलन सहित अनेक ज्यामितीय आकृतियाँ रंगोली, चित्रकला, मेहंदी मे बनाई गई। वही आयोजित प्रश्न मंच कार्यक्रम मे बच्चों द्वारा अनेक प्रश्नों के जवाब बडे ही रोचक पूर्ण तरीके से दिए। प्रतियोगिताओं के अंत मे समस्त विधाओं मे उत्कृष्ट प्रदर्शन वाले बच्चों क्रो ट्राफी भेंटकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता मे निर्णायक की भूमिका शिक्षक किरण लता ठाकुर, चंद्रभूषण नामदेव एवं फूलवती केवट ने निभाई । वही समापन कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि पीएमश्री शासकीय कन्या नवीन विद्यालय के गणित विषय के व्याख्याता राजेश गुप्ता ने कहा कि राष्ट्रीय गणित दिवस भारतीय गणितज्ञ रामानुजम की जयंती के अवसर पर मनाया जाता है। इस दौरान उन्होंने प्रतियोगिताओं मे सहभागी बच्चों के जज्बे क्रो सराहा एवं उनसे विभिन्न प्रश्न पूछने के साथ उन्होंने अपने चिर परिचित अंदाज में सारे जहाँ से अच्छा हिन्दोस्तां हमारा गीत गाकर सुनाया। वही कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रभारी प्रधानपाठक मधुसूदन पटैल ने कहा कि बच्चों मे गणितीय समझ क्रो विकसित करने के उद्देश्य से यह आयोजन किया गया है।

# किसान गया धान बेचने चोरों ने घर में सेंध लगाते हुये पार किये जेवर सहित नगदी



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

गांव गांव बिक रहे मादक पदार्थों का परिणाम है कि चोरी जैसी घटनाये लगातार बढ़ने से नही चूक रही है। चोरी की घटना शहरों तक ही सीमित न रहते हुये गांवों में चोरों द्वारा सेंध लगाने में कोई कसर नही छोड़ी जा रही है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिवस समीपस्थ ग्राम कजरोटा में देखने मिली है जहां पर किसान अपनी धान विक्रय करने के लिये गया हुआ था तो अज्ञात चोरों द्वारा घर में सेंध लगाते हुये सोने चांदी के जेबर सहित नगदी पार कर लिये। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस समीपस्थ ग्राम कजरौटा निवासी एक युवक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि मेरे पिता मोहकम सिंह कौरव धान विक्रय करने के लिये गाडरवारा मंडी गये हुये थें। घर पर प्रार्थी और उसकी माँ खाना खाने के बाद सौ गये थें। सुबह उठकर मेरी माँ ने देखा तो घर के अंदर कमरे में रखी हुई अलमारी को दरबाजा खुला था और पूरी सामग्री बिखरी पड़ी हुई थी। जब अलमारी के अंदर देखा तो उसमें रखा हुओ एक सोने का हाय, सोनी की एक अंगूठी, तीन जोडी चांदी के पायल छोटी व बड़ी, चांदी की बिछिया तथा नगर अस्सी हजार द्वारा गायब थें। इस तरह घटित हुई चोरी की घटना को लेकर पुलिस द्वारा प्रार्थी की शिकायत पर अज्ञात चोर के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लेकर अज्ञात चोर की खोजबीन शुरू की गई है।

**खबर संक्षेप**

## गुलाबचंद साहू का क्रिकेट चैम्पियनशिप के लिए चयन



डिण्डौरी - 21वीं राष्ट्रीय बधिर पुरुष क्रिकेट चैम्पियनशिप का आयोजन 27 दिसंबर 2025 से 31 दिसंबर 2025 तक त्रिशूर, राज्य केरल में किया जा रहा है। इस राष्ट्रीय स्तर की क्रिकेट स्पर्धा की मेजबानी अखिल भारतीय बधिर खेल परिषद, त्रिशूर (केरल) द्वारा की जा रही है, जिसमें देशभर से चयनित बधिर क्रिकेट टीमें हिस्सा लेंगी। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश बधिर क्रीड़ा समिति, इंदौर के तत्वावधान में मध्यप्रदेश की टीम भाग लेगी। चयन प्रक्रिया के बाद मध्यप्रदेश टीम की घोषणा की गई है, जिसमें डिण्डौरी जिले के होनहार खिलाड़ी गुलाबचंद साहू का चयन किया गया है। विशेष उपलब्धि यह रही कि गुलाबचंद साहू को टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है, जिससे जिले और प्रदेश में खुशी का माहौल है।स्पर्धा के दौरान प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीमें आगामी राष्ट्रीय टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करेंगी। यह प्रतियोगिता बधिर खिलाड़ियों के लिए अपनी प्रतिभा दिखाने का एक बड़ा मंच मानी जा रही है।मध्यप्रदेश बधिर क्रीड़ा समिति से प्राप्त जानकारी के अनुसार, सभी चयनित खिलाड़ी आगामी 24 दिसंबर 2025 को रेलवे स्टेशन इटारसी से त्रिशूर (केरल) के लिए रवाना होंगे। खिलाड़ियों के चयन पर खेल प्रेमियों, समाजसेवियों और जिलेवासियों ने खुशी व्यक्त करते हुए गुलाबचंद साहू को शुभकामनाएं दी हैं।गौरतलब है कि गुलाबचंद साहू का यह चयन न केवल डिण्डौरी जिले के लिए, बल्कि पूरे मध्यप्रदेश के लिए गर्व की बात है। उनके नेतृत्व में टीम से शानदार प्रदर्शन की उम्मीद जताई जा रही है।

## नौकरी दिलाने के नाम पर राशि लेने के आरोप में सहायक ग्रेड-2 निलंबित

डिंडौरी। कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई के दौरान सामने आई गंभीर शिकायत पर प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए विकासखंड शिक्षा अधिकारी बजाग कार्यालय में पदस्थ सहायक ग्रेड-2 श्रीमती मधुबाला परस्ते को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।जानकारी के अनुसार जनसुनवाई में कुमारी भदिया कोठी, निवासी ग्राम सुमपुरी, थाना गाड़ासरई, विकासखंड बजाग द्वारा शपथपत्र सहित शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया कि सहायक ग्रेड-2 द्वारा नौकरी दिलाने का आश्वासन देकर धनराशि ली गई, किंतु नौकरी न लगने के बावजूद ली गई राशि वापस नहीं की गई। शिकायत के समर्थन में आवेदक ने डिजिटल लेन-देन से जुड़े दस्तावेज भी प्रस्तुत किए।प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने प्रथम दृष्टया इसे लोकसेवक के आचरण के प्रतिकूल एवं अशोभनीय मानते हुए मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 1, 2 एवं 3 के उल्लंघन का मामला माना। इसके आधार पर मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के नियम 9 के तहत संबंधित कर्मचारी को निलंबित किया गया है।निलंबन अवधि के दौरान श्रीमती मधुबाला परस्ते को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा तथा उनका मुख्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय करंजिया निर्धारित किया गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शासकीय सेवा में पारदर्शिता और ईमानदारी से कोई समझौता नहीं किया जाएगा तथा भ्रष्ट आचरण पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## जल संचय बोरी बंधान अभियान के तहत ग्राम डुबा माल में श्रमदान



डिंडौरी। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद, विकासखंड शहपुरा जिला डिंडोरी के तत्वावधान में जल संचय बोरी बंधान अभियान के अंतर्गत ग्राम दूबा माल में बोरी बंधान का कार्य किया गया। यह अभियान जिला समन्वयक धर्मेंद्र चौहान एवं विकासखंड समन्वयक डॉ. निलेश्वरी वैश्य के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में नवांकुर संस्था प्रभारी श्रीमती डुमारी चक्रवर्ती, मेंटर्स कमल साहू, प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष भोलाराम, सचिव तोलाराम एवं समिति के सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने श्रमदान कर जल संरक्षण के इस महत्वपूर्ण कार्य में सहभागिता निभाई। इस अवसर पर उपस्थित जनसमुदाय को बोरी बंधान के माध्यम से भू-जल स्तर में वृद्धि, सिंचाई सुविधा के विस्तार तथा ग्रीष्मकाल में जल उपलब्धता सुनिश्चित करने के महत्व से अवगत कराया गया। अभियान के माध्यम से ग्रामीणों में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संचालित यह पहल जनभागीदारी के माध्यम से जल संसाधनों के संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में एक प्रभावी कदम साबित हो रही है।

# जनसुनवाई में 50 आवेदनों पर त्वरित निराकरण के निर्देश

**कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में आम नागरिकों की समस्याएं सुनी गईं तथा कई आवेदनों का मौके पर ही समाधान कराया गया। जनसुनवाई में जिले के विभिन्न विकासखंडों से आए नागरिकों द्वारा समस्याओं एवं शिकायतों से संबंधित कुल 50 आवेदन प्रस्तुत किए गए।**




डिंडौरी।

जिन मामलों का तत्काल निराकरण संभव नहीं हो सका, उनमें आवेदकों को समय-सीमा निर्धारित कर आवश्यक आश्वासन प्रदान किया गया। सीईओ जिला पंचायत दिव्यांशु चौधरी, एसडीएम डिंडौरी सुश्री भारती मेरावी, डिप्टी कलेक्टर वैधनाथ वासनिक सहित अन्य विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी जनसुनवाई में उपस्थित रहे। जनसुनवाई के दौरान किसान सम्मान निधि योजना सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाने के उद्देश्य से प्राप्त आवेदनों पर परीक्षण की जानकारी दी गई। जिले के विभिन्न ग्रामों से किसान सम्मान निधि योजना से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें हितग्राहियों द्वारा किस्त नहीं मिलने, लाभ रोके जाने अथवा तकनीकी कारणों से भुगतान बाधित होने की समस्याएं सामने आईं। आवेदनों में ई-केवाईसी, आधार एवं बैंक खाते की लिंकिंग, भूमि अभिलेखों में त्रुटि तथा पोर्टल संबंधी कारण प्रमुख रूप से उल्लेखित रहे।

जनसुनवाई में ग्राम कुकर्रामठ के साधूराम टोला के निवासियों ने विद्युत ट्रांसफार्मर लगाए जाने की मांग रखी, जिस पर कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने विद्युत विभाग को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। वहीं चटुवा निवासी रामगोपाल द्वारा पुत्री के विवाह सहायता राशि से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किया गया, जिस पर अपर कलेक्टर को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। इसी प्रकार तेन्दुमेर मोहतरा निवासी श्रीमती चैनवती पति राजेन्द्र सिंह द्वारा जिला चिकित्सालय से विकलांगता प्रमाण पत्र नहीं बनाए जाने की शिकायत पर कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को जांच कर निराकरण के निर्देश दिए। प्राप्त समस्त आवेदनों को संबंधित विभागों को परीक्षण एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु अग्रेषित किया गया। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने हेतु दस्तावेजों का सत्यापन कर तकनीकी त्रुटियों का शीघ्र निराकरण किया जाए, ताकि आमजन को समय पर राहत मिल सके।



## जबलपुर–अमरकंटक नेशनल हाईवे 45 का निरीक्षण

शहपुरा- जबलपुर–अमरकंटक नेशनल हाईवे 45 के अंतर्गत कुंडम से अमरकंटक तक बन रही सड़क का विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने विभाग के कार्यपालन यंत्री के साथ स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सड़क निर्माण की प्रगति, गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों की बारीकी से समीक्षा की गई।विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण हो और गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए। उन्होंने कहा कि यह मार्ग धार्मिक और पर्यटन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है, जिससे क्षेत्र की कनेक्टिविटी मजबूत होगी और स्थानीय लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। निरीक्षण के बाद विधायक धुर्वे मीडिया से मुखातिब हुए और बताया कि सड़क निर्माण से क्षेत्रीय विकास को गति मिलेगी, व्यापार और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जनता की सुरक्षा सर्वोपरि है, इसलिए सड़क की चौड़ाई, ड्रेनेज और संकेतक मानकों का विशेष ध्यान रखा जा रहा है।विधायक ने भरोसा दिलाया कि कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# मेंहदवानी में विस्थापन, पलायन और बेरोजगारी के खिलाफ गोंडवाना गणतंत्र पार्टी का धरना





### सात सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा

शहपुरा

विस्थापन, पलायन, बेरोजगारी सहित क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर मंगलवार को मेंहदवानी में गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के तत्वावधान में धरना प्रदर्शन एवं रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के पश्चात पार्टी प्रतिनिधियों द्वारा अपनी 7 सूत्रीय मांगों को लेकर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया।धरना प्रदर्शन में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक शामिल हुए। प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने क्षेत्र में बढ़ते विस्थापन, रोजगार के अभाव के कारण हो रहे पलायन, मूलभूत सुविधाओं की कमी सहित अन्य समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के जिला अध्यक्ष राम प्रसाद तेकाम की उपस्थिति में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि लंबे समय से आदिवासी और ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं की अनदेखी की जा रही है, जिससे जनता को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। पार्टी ने मांग की कि विस्थापित परिवारों को उचित पुनर्वास, स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर, युवाओं के लिए स्वरोजगार योजनाएं तथा बुनियादी सुविधाओं में सुधार किया जाए। ज्ञापन सौंपते समय प्रशासन से मांगों पर शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई करने का आग्रह किया गया।

# सड़क में अतिक्रमण के कारण लग रहा जाम



अमरपुर।

जनपद पंचायत मुख्यालय अमरपुर की मुख्य मार्ग की दोनों तरफ पटरियों पर दूकानदारों का पूरी तरह से कब्जा बना हुआ हैं। जिससे हमेशा जाम की स्थिति निर्मित हो जाती हैं। सड़क में पदयात्रियों एवं दोपहिया वाहनों का आवागमन होता हैं। इस बीच यात्री बस या भारी वाहन निकलने पर जाम की स्थिति बन जाती हैं। यह क्रम हमेशा चलता ही रहता हैं। खासकर मंगलवार सप्ताहिक हाट बाजार के दिन तो दिन भर यह स्थिति निर्मित होती हैं। सड़क किनारे लगे चेकर ब्लाक में तो पूर्णतः अतिक्रमणकारियों का कब्जा बना रहता हैं। जिससे पदयात्री गण भारी परेशान होते हैं। इस संबंध में शांति समिति की सभी आयोजित बैठकों में चर्चा होती हैं। परन्तु यह गंभीर मुद्दा सिर्फ चर्चा तक ही सीमित होकर रह जाता हैं। जबकि नायब तहसीलदार, चौकी प्रभारी एवं ग्राम पंचायत सरपंच द्वारा समिति सदस्यों को आश्वासन दे दिया जाता हैं कि संयुक्तरूप से अभियान चला कर व्यवस्था दुरुस्त किया जाएगा। परंतु हमेशा की तरह इस गंभीर समस्या को नजर अंदाज किया जा रहा हैं। शायद प्रशासन को कोई बड़े हादसे का इंतजार हैं। ऐसे भी पूरा अमरपुर कस्बा अतिक्रमण कारियों के चपेट में हैं। जिस संबंध में वर्षों से ग्राम पंचायत प्रस्ताव एवं आवेदन जिला प्रशासन को दे चुके हैं। परन्तु प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने में रुचि ही नहीं दिखाई दे रहा हैं।




## सृजन कार्यक्रम के तहत बच्चों में कानूनी जागरूकता एवं आत्मविश्वास का संचार

डिंडौरी।

डिंडौरी पुलिस द्वारा सामुदायिक पुलिसिंग के अंतर्गत मध्यप्रदेश शासन की तकनीकी सहायता से संचालित सृजन कार्यक्रम का आयोजन पुलिस लाइन डिंडौरी में किया गया।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों एवं किशोर-किशोरियों को आत्मरक्षा, लैंगिक समानता, कानूनी जानकारी, नेतृत्व क्षमता तथा सकारात्मक जीवन मूल्यों के प्रति जागरूक एवं सशक्त बनाना है। इसी क्रम में आयोजित सत्र के दौरान महिला उपनिरीक्षक श्रीमती गंगोत्री तुरकर द्वारा बच्चों को POCSO अधिनियम एवं महिलाओं से संबंधित अपराधों की जानकारी सरल, प्रभावी एवं व्यवहारिक भाषा में दी गई, जिससे वे अपने अधिकारों और सुरक्षा के प्रति सजग हो सकें। कार्यक्रम में प्रभारी रक्षित निरीक्षक कुंवर सिंह ओलाडी सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। उन्होंने बच्चों को समाज में सुरक्षित, जिम्मेदार एवं जागरूक नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया।डिंडौरी पुलिस की यह पहल सामुदायिक पुलिसिंग की भावना को सुदृढ़ करते हुए पुलिस एवं समाज के बीच विश्वास, सहयोग और समन्वय को मजबूत करने की दिशा में एक सराहनीय एवं प्रभावी कदम है।

## राजनैतिक दलों के साथ प्रारूप निर्वाचक नामावली पर बैठक संपन्न



डिंडौरी।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती अंजू पवन भदौरिया की अध्यक्षता में मंगलवार को विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के अंतर्गत मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के अध्यक्ष/ सचिव/ प्रतिनिधियों के साथ निर्वाचक नामावली के प्रारूप प्रकाशन विषयक बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रारूप निर्वाचक नामावली से संबंधित प्रक्रिया, समय-सीमा एवं नागरिक सहभागिता पर विस्तृत जानकारी दी गई। बैठक में अवगत कराया गया कि आमजन प्रारूप निर्वाचक नामावली का अवलोकन अपने-अपने मतदान केंद्र, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण कार्यालय एवं अन्य अभिहित स्थलों पर कर सकते हैं तथा नाम की पुष्टि भी कर सकते हैं। प्रारूप निर्वाचक नामावली मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी की वेबसाइट (http//www.ceoelection.mp.gov. in) पर सर्च सुविधा के साथ उपलब्ध है। साथ ही अनुपस्थित/स्थानांतरित/ मृत/ दोहरी प्रविष्टि वाले निर्वाचकों की सूची भी Ceo की वेबसाइट पर प्रदर्शित की गई है, जिसे संबंधित पंचायत भवनों, नगरीय निकायों तथा जनपद पंचायत कार्यालयों के सूचना पटल पर भी चस्पा किया गया है। जिले के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्रों में गणना अवधि (Enumeration Period) के दौरान 9841 मृत, 2103 दोहरी प्रविष्टि, 2024 अनुपस्थित, 6989 स्थानांतरित तथा 27 अन्य कारणों से कुल 20,948 निर्वाचक चिन्हित किए गए, जिनकी सूची पूर्व में मतदान केंद्रवार बीएलओदूबीएलए बैठक में साझा की जा चुकी है। बैठक में बताया गया कि प्रारूप निर्वाचक नामावली के प्रकाशन उपरांत दावे आपत्तियाँ 23 दिसंबर 2025 से 22 जनवरी 2026 तक प्रस्तुत की जा सकेंगी। इसके पश्चात 23 दिसंबर 2025 से 14 फरवरी 2026 तक गणना प्रपत्रों की जांच के आधार पर नोटिस जारी करने तथा दावे आपत्तियों के निराकरण की कार्यवाही आयोग की समय-सारणी अनुसार की जाएगी। सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को प्रारूप निर्वाचक नामावली की एक हार्ड कॉपी एवं एक सीडी (फोटो रहित) उपलब्ध कराई गई, साथ ही मतदान केंद्रों की सूची भी प्रदान की गई। उपस्थित प्रतिनिधियों से अनुरोध किया गया कि पात्र किंतु छूटे हुए नागरिकों के नाम जोड़ने हेतु प्रपत्र 6, अयोग्य व्यक्ति का नाम हटाने हेतु प्रपत्र 7 तथा प्रविष्टि में सुधार हेतु प्रपत्र 8 में आवेदन करने में आमजन को सहयोग दें। बीएलए के माध्यम से प्रतिदिन अधिकतम 10 आवेदन सत्यापन उपरांत प्रस्तुत किए जा सकते हैं। नाम जोड़ने के प्रपत्र 6 के साथ तथा राज्य से बाहर से स्थानांतरित निर्वाचकों के मामलों में घोषणा पत्र अनिवार्य रहेगा। विशेष रूप से 01 जनवरी 2026 को 18 वर्ष पूर्ण करने वाले युवाओं को प्रेरित कर निर्वाचक नामावली में सम्मिलित कराने का आह्वान जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा किया गया। अंत में सभी से अपील की गई कि विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के सफल क्रियान्वयन हेतु सक्रिय सहयोग प्रदान कर निर्वाचक नामावलियों की शुद्धता सुनिश्चित करें, ताकि मजबूत लोकतंत्र सबकी भागीदारी का लक्ष्य साकार हो सके। बैठक में एसडीएम डिंडौरी सुश्री भारती मेरावी, डिप्टी कलेक्टर वैधनाथ वासनिक एवं जनप्रतिनिधि लक्ष्मण सिंह ठाकुर, आशीष वैश्य, जावेद इकबाल, पंकज यादव, शुभम मरावी, राकेश परस्ते सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# आयुष्मान योजना फर्जीवाड़े पर प्रशासन सख्त, 4 सदस्यीय जांच समिति गठित

शहपुरा।



आयुष्मान योजना में फर्जीवाड़े की खबर का बड़ा असर देखने को मिला है। विकासखंड शहपुरा में आयुष्मान योजना की प्रोत्साहन राशि में कथित फर्जीवाड़े और गंभीर अनियमितताओं को लेकर जिला प्रशासन हरकत में आ गया है।बीते 16 दिसंबर को आयोजित जनसुनवाई में प्राप्त शिकायत के आधार पर प्रारंभिक जांच करते हुए खंड चिकित्सा अधिकारी शहपुरा डॉ. सत्येंद्र परस्ते को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। जवाब संतोषजनक न पाए जाने पर कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने मामले की गंभीरता को देखते हुए चार सदस्यीय जांच समिति का गठन कर दिया है।अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) शहपुरा की अध्यक्षता में गठित इस समिति में एसडीएम शहपुरा ऐश्वर्य वर्मा, जिला पेंशन अधिकारी साकेत जैन, जिला आयुष्मान नोडल अधिकारी तथा जिला आयुष्मान समन्वयक गौरव ठाकुर को शामिल किया गया है।जांच समिति द्वारा आयुष्मान योजना के अंतर्गत हुए फर्जीवाड़े और वित्तीय अनियमितताओं की गहन जांच की जाएगी तथा सात दिवस के भीतर जांच प्रतिवेदन कलेक्टर को सौंपा जाएगा।प्रशासन ने साफ शब्दों में कहा है कि जनकल्याणकारी योजनाओं में किसी भी प्रकार का भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई तय है।

**एसडीएम शहपुरा एश्वर्य वर्मा ने अनुविभागीय कार्यालय में शुरू की जनसुनवाई**

## अगले सप्ताह से सभी विभाग प्रमुख रहेगें मौजूद

डिंडौरी - शहपुरा एसडीएम शहपुरा के निर्देशन में अनुविभागीय कार्यालय शहपुरा में जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन प्रांरभ किया गया हम बता दे पहले जनसुनवाई का कार्यक्रम विभाग प्रमुख अपने अपने कार्यलय मे आयोजित करते थे, परन्तु एसडीएम शहपुरा ने नवाचार करते हुए जनसुनवाई को एसडीएम कार्यालय मे आयोजित करने पहल की है , एसडीएम एश्वर्य वर्मा ने बताया कि लोगो की समस्या को देखते हुए इस कार्यालय में जनसुनवाई का आयोजन प्रांरभ किया गया है साथ ही अगले मंगलवार से शहपुरा अनुविभाग के समस्त विभाग प्रमुख जनसुनवाई में उपस्थित रहेगें व विभागवार समस्या का निराकरण करने का प्रयास किया जावेगा ,बहुत दिनो से देखने को मिल रहा था कि आम आदमी अपनी छोटी छोटी समस्या को लेकर जिला कार्यालय जाता है अब उन समस्याओ का निराकरण करने का प्रयास यहीं किया जावेगा ।



## खबर संक्षेप

### जनसमस्या निवारण शिविर का हुआ आयोजन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** शासन की योजनाओं एवं सेवाओं की अंतिम छोर तक प्रभावी पहुंच सुनिश्चित करने एवं जनशिकायतों के समयबद्ध निराकरण के भाव को लेकर जिले में सुशासन सप्ताह आयोजित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत डोंगरगांव- अंडिया में प्रशासन आपके द्वार के तहत जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किया गया। कलेक्टर ने ग्रामीणों से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनी और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना- ग्रामीण, प्रधानमंत्री जनकल्याण संबल योजना सामाजिक सुरक्षा पेंशन, मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना, खेल मैदान, सड़क एवं नाली निर्माण, सीमांकन, बंटवारा, नामांतरण, फार्मर आईडी, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, मुक्तिधाम में बाउंड्रीवाल निर्माण, पात्रता पर्ची, मातृ वंदना योजना, बीपीएल सूची में नाम जोड़ने आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने इन आवेदनों पर विस्तृत चर्चा करते हुए निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

### कलेक्टर व राजनैतिक दलों की बैठक सम्पन्न

# निर्वाचक नामावलियों का प्रारूप प्रकाशन संबंधी दी जानकारी





**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण- एसआईआर 2026 के अंतर्गत निर्वाचक नामावलियों का प्रारूप प्रकाशन संबंधी जानकारी के लिए मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों की बैठक कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मंगलवार को सम्पन्न हुई। सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को प्रारूप निर्वाचक नामावली की एक हार्ड कॉपी तथा एक प्रति सीडी में (फोटो रहित) उपलब्ध करायी गयी। साथ ही मतदान केन्द्रों की सूची भी प्रदाय की गई है। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती देवंती परते, बीजीपी के विनोद श्रीवास्तव, कांग्रेस के मनीष साहू, बीएसपी के गिरबर सिंह टेंटवाल, आम आदमी पार्टी के शब्बीर मंसूरी, शैलेन्द्र सिंह जाट सहित अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी मौजूद थे।

बैठक में जनप्रतिनिधियों को निर्वाचक नामावलियों के प्रारूप प्रकाशन के लिए जाने की जानकारी दी गई। उन्हें अवगत कराया गया कि आमजन प्रारूप निर्वाचक नामावली का अवलोकन मतदान केन्द्र पर, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण ऑफिस, अन्य अभिहित स्थलों पर कर सकते हैं तथा उनका नाम होने की पुष्टि भी कर सकते हैं। यह प्रारूप निर्वाचक नामावली मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी की वेबसाइट पर सर्च सुविधा के साथ उपलब्ध है। अनुपस्थित स्थानांतरित मृत दोहरी प्रविष्टि वाले निर्वाचकों के नाम प्रारूप निर्वाचक नामावली में सम्मिलित नही है उनकी सूची का प्रदर्शन भी सीईओ एमपी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नरसिंहपुर की वेबसाइट पर किया गया है। संबंधित पंचायत भवनध शहरी क्षेत्र में संबंधित नगरीय निकाय के सूचना पटल पर तथा संबंधित जनपद पंचायत के कार्यालय के सूचना पटल पर प्रदर्शित की गई है। जिले के अंतर्गत आने वाले विधानसभा क्षेत्रों में गणना अवधि के दौरान 12874 मृत, 4006 दोहरी प्रविष्टि, 8382 अनुपस्थित तथा 20503 स्थानांतरित निर्वाचक पाएं गए, जिनकी सूची पूर्व में मतदान केन्द्रवार बीएलओ- बीएलए की बैठक में साझा की गयी थीं।

राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को अवगत कराया गया कि प्रारूप निर्वाचक नामावली के प्रकाशन उपरांत 23 दिसम्बर 2025 से 22 जनवरी 2026 तक दावे आपत्तियों को प्रस्तुत करने का कार्य किया जाएगा। साथ ही 23 दिसम्बर 2025 से 14 फरवरी 2026 तक गणना फार्मों की जाँच के आधार पर नोटिस जारी करने तथा दावे अपत्तियों का निराकरण का कार्य किया जाएगा। बैठक में सभी से आग्रह किया गया कि प्रारूप निर्वाचक नामावली में छूटे हुए पात्र निर्वाचकों के नाम सम्मिलित कराने के लिए प्रपत्र-6, अयोग्य व्यक्ति का नाम निर्वाचक नामावली से हटाने के लिए प्रपत्र 7 एवं प्रविष्टि में सुधार आदि के लिए प्ररूप-8 में आवेदन करने में आम नागरिकों का सहयोग करें। बीएलए के माध्यम से भी प्रतिदिन 10 आवेदन मय सूची के इस वचन के साथ प्रस्तुत कर सकता है कि उसने व्यक्तिगत रूप से आवेदन प्रपत्रों के विवरण का सत्यापन कर लिया है तथा वह संतुष्ट हैं कि वे सही है।


नाम जोड़ने के प्ररूप-6 के साथ एवं राज्य से बाहर से स्थानातंरित निर्वाचक के प्रकरण में घोषणा पत्र अनिवार्य रूप से प्रस्तुत किया जाना है। विशेषतौर से ऐसे छूटे हुए पात्र नागरिक जो एक जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे हैं, उन्हें प्रेरित कर निर्वाचक नामावली में सम्मिलित कराने के प्रयास किया जावे। गणना पत्रकों के आधार पर प्रारूप निर्वाचक नामावली में जोड़े गए नाम की पात्रता की जांच के आधार पर नोटिस देकर पात्रता की पुष्टि करने तथा आपत्तियों की प्राप्ति एवं निराकरण का कार्य आयोग समय सारणी के अनुसार जारी रहेगा। सभी से अपील की गई कि निर्वाचक नामावलियों के संचालित विशेष गहन 2026 के सफल के लिए सहयोग प्रदान कर निर्वाचक नामावलियों को शुद्ध करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका प्रतिपादित करें, ताकि मजबूत लोकतंत्र-सबकी भागीदारी सुनिश्चित हो सके।

## इंटर स्कूल क्रिकेट चैम्पियनशिप का फाइनल मुकाबला आज



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** शिक्षा विभाग म.प्र. शासन भोपाल एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर की खेलो इंडिया अवधारणा की दिशा में जिले के युवा शक्ति के खेल प्रोत्साहन हेतु एम.आई.एम.टी. कॉलेज नरसिंहपुर द्वारा आरोहण इंटर स्कूल क्रिकेट चैम्पियनशिप 2025 का आयोजन किया जा रहा है। दोपहर 2 बजे से शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर एवं शासकीय नेहरू उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरसिंहपुर के मध्य एम.आई.एम.टी. खेल मैदान पर फाइनल मुकाबला खेला जायेगा। आयोजन के दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में एन.पी.एस. उ.मा. विद्यालय नरसिंहपुर एवं शासकीय नेहरू उ.मा. विद्यालय नरसिंहपुर के मध्य खेला गया। मैच के दौरान जालम सिंह पटेल पूर्व राज्य मंत्री म. प्र. शासन भोपाल एवं इंजी रुद्रेश तिवारी चेयरमैन एम.आई.एम.टी. कॉलेज नरसिंहपुर तथा डॉ. अशोक कुमार गर्ग प्राचार्य एम.आई.एम.टी. कॉलेज ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। अपने उद्बोधन में जालम सिंह पटेल ने युवाओं को खेल के माध्यम से सर्वांगीण विकास करने हेतु अपील की। मैच का उद्घाटन रोटे. मयंक मनोहर साहू, डाइट प्राचार्य राजीव कुमार श्रीवास्तव, पत्रकार मनीष शाह, गनेष प्रजापति, अमित शर्मा, तुलसी नौरिया, सर्वेश दुबे तथा एस.आर.एस. संजू की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार मेजर डॉ. पराग नेमा द्वारा किया गया। .मैच में एन.पी.एस. की टीम ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला लिया एवं निर्धारित 12 ओवर में 168 रन बनाये। 169 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर की टीम ने 11 वें ओवर में 05 विकेट खोकर 172 रन बनाकर जीत हासिल कर आरोहण इंटर स्कूल क्रिकेट चैम्पियनशिप 2025 के फाइनल में अपना स्थान सुरक्षित कर लिया। एन.पी.एस. के बल्लेबाज गौरव महोबिया ने जहॉ शतकीय पारी खेली वहीं शासकीय नेहरू स्कूल के गेंदबाज सौम्य पटेल को 03 ओवर में 05 विकेट लेने पर उन्हे मैन ऑफ द मैच के खिताब से नवाजा गया। इसके पूर्व मुख्य अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। सरस्वती पूजन से मैच का प्रारम्भ किया गया। एम्पायर की भूमिका का निर्वाहन तेग बहादुर, मो. एजाज खान सहित थर्ड एम्पायर तथा मैच रेफरी की भूमिका में करीम खान रहे। स्कोरर अथर्व नेमा तथा रीतेश चौधरी द्वारा योगदान दिया गया। वही कामेट्रेटर की भूमिका में प्रभात ठाकुर, विनोद नेमा द्वारा रोचक कामेंट्री की गई। उक्त अवसर पर इंजी. जी. पी. अठ्या, के.के. गोयल, ठा. आकाश सिंह, मनीष जैन, अर्पित राय, संतोष नेमा, सुरेंद्र पचौरी, टी. एल. कहार, पुष्पेन्द्र सिंह ठाकुर, अरूण राजपूत, विनोद महोबिया एवं दोनों ही टीम के कोच, मैनेजर रंजीत लोधी, रीतेश गुप्ता, पंकज नेमा, राकेश दुबे सहित बड़ी संख्या में दर्शकों की उपस्थिति रहीं। आयोजन समिति के सदस्य लेफ्टि. जितेन्द्र कुमार मिश्रा, प्रसून नेमा, हेमराज सेन, विवेक जोशी, पवन कुशवाहा एवं शिव कुमार मेहरा ने सभी खेल प्रेमियों से उपस्थिति की अपील की है।

## जनसुनवाई में आये 120 आवेदन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता में आवेदकों ने विभिन्न विषयों से संबंधित आवेदन पत्र प्रस्तुत किए। जनसुनवाई में विभिन्न समस्याओं से संबंधित कुल 120 आवेदन पत्र प्राप्त हुए। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का तत्काल निराकरण किया। जिन आवेदन पत्रों का तत्काल निराकरण नहीं हो सका, उन आवेदन पत्रों को निर्धारित समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। अन्य अधिकारियों ने भी जनसुनवाई में लोगों की समस्याएं सुनी और उनकी समस्याओं का निराकरण किया।

## आनंद राय मौत की निष्पक्ष जांच हेतु समिति ने सौंपा ज्ञापन



**गोटेगांव।** नगर के जन एकता समिति के सदस्यों ने गोटेगांव थाना पहुंचकर एसडीओपी मनीष त्रिपाठी ज्ञापन सोपा जिसमे आनन्द राय हत्याकाण्ड की एसआईटी गठित कर निष्पक्षता पूर्ण जॉंच की मांग की है और दोषियों को दण्डित कर न्याय प्रदान किए जाने बावत उपरोक्त विषयार्नृतगत लेख है कि आनन्द राय आत्मज विनोद कुमार राय निवासी श्रीदेव मुरलीधर वार्ड, गोटेगॉव की दिनॉक -18 दिसम्बर -2025 को आँखीवाड़ा नहर के पास की गई जघन्य हत्या की तथ्यात्मक रूप से घटनास्थल पर पाए गए साक्ष्यों एवं मृतक के शरीर पर घातक हथियारों से पहुँचाई गई चोट के निशानों एवं घटनास्थल पर मौजूद परिस्थिति जन्य साक्ष्यों की वास्तविक सत्यता के आधार पर मामले की गहन एवं सूक्ष्मतापूर्वक निष्पक्ष गहन जॉच एसआईटी का गठन सक्षम अधिकारी के मार्गदर्शन में गठित की कर करवाई कराई जावे। जन एकता समिति में ज्ञापन के माध्यम से कहा है यदि 15 दिवस के अन्दर उक्त जघन्य हत्या की न्यायायिक जाँच नहीं कराई जाती तो तत्सम्बन्ध में वृदद आन्दोलन किया जावेगा जिसकी सम्पूर्ण जबाबदेही पुलिस प्रशासन की होगी। इस दौरान मुकेश सोनी राजेश चौकसे कैलाश रजक पार्वती सिलावट गोली चौधरी दीपक ठाकुर सहित अन्य उपिस्थत रहे।

## अतिक्रमण को लेकर कलेक्टर से की शिकायत

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस नगर पालिका निवासी पीड़ति द्वारा जन सुनवाई में कलेक्टर समक्ष शिकायत रखते हुए बताया गया कि कशीर खान (भूतपूर्व पार्षद) आं. हकीम खान निवासी राजेन्द्रवार्ड, वार्ड, करेली निवासी के द्वारा घर के सामने अतिक्रमण कर लिया है जिसका मौजा करेली प.ह. न 29/18 नं.ब. 50 तह. करेली जिला नरसिंहपुर स्थित भूमि ख.नं. 276 रकबा 400 वर्गफुट, कुल ख.नं. 277 रकबा 400 वर्गफुट एवं ख.नं. 279 रकबा 400 वर्गफुट तथा कुल रकबा 1200 वर्गफुट पर टीन शेड की टपरिया बनाकर निवास कर रहा है उपरोक्त प्लाट के उत्तर में नगर पालिका की रोड, दक्षिण मे रामचरण झारिया की जगह एवं मकान तथा पूर्व मे नगरपालिका की सडक एवं पश्चिम में मुंशी यादव का मकान एवं छोटेलाल यादव की जगह स्थित है। यह कि आवेदक के उत्तर में अनावेदक द्वारा कब्जा किये हुये है जो कि आवेदक का उपरोक्त रकबा 400 वर्गफुट में से अनावेदक के द्वारा 17.20 = 340 वर्गफुट पर अतिक्रमण किया गया है पीड़ति शकुंती चैहान पति स्व.श्री रमेश प्रसाद चैहान निवासी राजेन्द्रवार्ड, करेली ने लिखित आवेदन में शिकायत की गई परन्तु कोई कार्रवाई नही हुई उक्त भूमि कई बार खाली करने के लिये कहा गया है परंतु अनावेदक के द्वारा उपरोक्त अतिक्रमण जगह खाली नहीं की गई। अनावेदक के विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट एवं अनुविभागीय अधिकारी नरसिंहपुर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया परंतु आवेदक के आवेदन पर किसी भी प्रकार की सुनवाई नहीं की गयी।

## युवक के साथ मारपीट गाली-गलौज कर जातिसूचक शब्द कहे

**गोटेगांव।** थाना अंतर्गत देवनगर पुराना निवासी सुदामा चौधरी ने गोटेगांव थाना प्रभारी को आवेदन देकर दो लोगों के खिलाफ मारपीट और जातिसूचक गालियां देने की शिकायत दर्ज कराई है। आवेदक ने बताया कि 21 दिसंबर की रात लगभग 9:30 बजे जब वह कंछेदी चौधरी को कुटरी हार छोड़कर वापस लौट रहा था, तब वह प्रकाश पटेल के पान ठेले पर रुका। वहां अकारण ही प्रकाश पटेल और कुटरी निवासी रामजी ने उसके साथ विवाद शुरू कर दिया। शिकायत के अनुसार, अनावेदक प्रकाश ने आवेदक के दोनों हाथ पकड़ लिए और रामजी ने उसके साथ जमकर मारपीट की, जिससे सुदामा की पसली, हाथ और पैरों में चोटें आई हैं। पीड़ति का आरोप है कि इस दौरान उसे मां-बहन की गंदी गालियां दी गईं और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी गई। आवेदक ने पुलिस से मांग की है कि दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्यवाही की जाए।

### अधीक्षण अभियंता ने की कार्यों की समीक्षा

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** विद्युत विभाग के नवागत अधीक्षण अभियंता नीलाभ श्रीवास्तव ने आर डी एस एस योजना की समीक्षा बैठक ली। जिसमें नरसिंहपुर जिले के अंतर्गत सभी वितरण केन्द्र में होने वाले कार्यों की जानकारी ली। बैठक में 11केवी फीडर कंडक्टर बदलना केवल ओर अन्य कार्यों की समीक्षा बैठक में नरसिंहपुर व्रत अंतर्गत दोनों डिविजन के कार्यपालन अभियंता विवेक जशेले नरसिंहपुर संभाग ओर आशुतोष ओझा संभाग आर वी एन एल कंपनी के अधिकारी समीक्षा बैठक में पर उपस्थित रहे जिसमें अधीक्षण अभियंता ने वितरण केन्द्र अनुसार पूरे जिले में होने वाले कार्यों की जानकारी ली ओर सख्त निर्देश दिए कि जल्द से जल्द सभी कार्यों को समय सीमा में करना सुनिश्चित करें। बैठक में दोनों कार्यपालन अभियंता के द्वारा ओर आर वी एन एल कंपनी अधिकारियों के द्वारा समय सीमा में कार्य कर हेतु अधीक्षण अभियंता को जल्द से जल्द सभी वितरण केन्द्र करकर देने हेतु आश्वासन दिया गया।

## हमारे भावों में ईश्वर के प्रति भक्ति और हर जीव पर करुणा का भाव रहे



**तेंदूखेड़ा।** यह मानव जीवन कभी बार बार नहीं मिलता मानव जीवन मिलने से ही काम नही चलता बल्कि मानवता होना चाहिए।ईश्वर से हमें सदा यही प्रार्थना करनी चाहिए कि भगवान हमें भी इतनी शक्ति दो कि हम भी आपके बताए हुए मार्ग पर चलकर सदाचार रुपी गुण आध्यात्मिकता पुण्य रुपी संपत्ति प्राप्त कर सकें। हर काल और हर शरीर में जिसमें भी हम जन्म लेवें केवल आपके ही चरणों की शरण प्राप्त हो। जिससे हम सभी सिद्ध शिला पर वास करें। कभी भी किसी से भी वैर भाव उत्पन्न ना हो सभी जीवों के प्रति समता का भाव बना रहे ऐसी भावना प्रत्येक जीव के मन में होनी चाहिए। जिससे वह आत्म कल्याण कर सके। उक्ताशय के अमृत वचन समीपी ग्राम डोभी में विराजमान पूज्य आचार्य श्री 108 विशद सागर जी महाराज की सुयोग्य शिष्या नगर गौरव वात्सल्य भारती माता जी के द्वारा अपने मंगल प्रवचनों के दौरान व्यक्त किए। गौरतलब रहे कि पूज्य माता जी 12 वर्ष पूर्व महाराज श्री से प्रेरणा आर्शीवाद लेकर गृहस्थ जीवन से वैराग्य लेकर पूज्य माता जी बनीं हैं।माता जी बनने के बाद पहली बार डोभी पहुंचने पर नगर में धार्मिक वातावरण बना हुआ है।

## कड़ी मेहनत से ही मिलती है सफलता





### साइकिल वितरण अवसर पर बोले विधायक

**तेंदूखेड़ा।** ज़िंदगी में आगे बढ़ने का रास्ता कभी सीधा नहीं होता। इसमें मेहनत और संघर्ष दोनों रहते हैं।कभी असफलता भी हाथ लगती है लेकिन हार वही मानता है जो कोशिश करना छोड़ देता है ।आज का समय अवसरों से भरा हुआ है अगर आपके अंदर सीखने की ललक है कुछ कर दिखाने का जज़्बा है ।तो कोई ताकत आपको आगे बढ़ने से रोक नहीं सकती किसी ने बिल्कुल सही कहा है सपने वो नहीं जो नींद में आएं सपने वो हैं जो नींद उड़ाकर मेहनत करवाएं आज आप जो मेहनत करोगे वही कल आपकी पहचान बनेगी आपमें से ही कोई डॉक्टर बनेगा कोई इंजीनियर कोई खिलाड़ी कोई वैज्ञानिक और कोई देश का नेतृत्व करेगा मुझे पूरा विश्वास है कि आप सभी अपने परिवार समाज और देश का नाम रोशन करेंगे। उक्ताशय के विचार शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में साईकिल वितरण अवसर पर क्षेत्रीय विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल ने निशुल्क साईकिल वितरण अवसर पर व्यक्त किए। सरस्वती पूजन के साथ शुभारंभ हुये इस आयोजन में विद्यालय परिवार द्वारा स्वागत की औपचारिकता पूरी करते हुए विद्यालय का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। विद्यालय के 41 छात्र छात्राओं को साइकिलें वितरित की गई। साथ ही छात्रों द्वारा बाल मेले का आयोजन किया तथा घरेलू सामग्री से निर्मित छोटे छोटे आकर्षक आइटम बनाये गये थे जिनका उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने अवलोकन किया। विधायक ने छात्रों अच्छी लगन मेहनत परिश्रम कर उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम लाने को अपनी अग्रिम बधाई शुभकामनाएं दी।इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष विष्णु शर्मा वरिष्ठ युवा नेता दीवान अर्जुन सिंह संतोष पटेल राजीव अग्रवाल शिवदयाल खेरोनिया डालचंद पटेल सोनू महाराज पुरुषोत्तम पटेल महीष मोदी प्रदीप राय डब्बल कोरी सहित सभी कार्यकर्ता गण अध्यापक गण विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।